**उत्तर प्रदेश शासन**
**औद्योगिक विकास अनुभाग–4**
**संख्या–2392(1)/77–4–17**
**लखनऊः दिनांक 18 अक्टूबर, 2017**

## कार्यालय–ज्ञाप

प्राधिकरणों की यातायातीय (ट्रैफिक) समस्याओं की समीक्षा हेतु मा0 मन्त्रि समूह द्वारा दिनांक 05.10.2017 को बैठक की गयी। उक्त बैठक में विचार–विमर्श के उपरान्त मा0 मंत्रि समूह द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यातायातीय (ट्रैफिक) समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु संस्तुति करने के लिए एक समिति गठित की जाय।

2. इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोंपरान्त यातायात समिति का गठन निम्नवत् किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री आलोक टण्डन, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नौएडा |
| सदस्य | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गौतमबुद्धनगर |
| सदस्य | अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नौएडा |
| सदस्य | अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नौएडा |
| सदस्य | क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO), नौएडा |
| संयोजक | पुलिस अधीक्षक, यातायात, नौएडा, गौतमबुद्धनगर |

3. उपरोक्त समिति निम्न बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट तीन सप्ताह के अन्दर औद्योगिक विकास विभाग को प्रस्तुत करेगी :–

1. यातायात सम्बंधी समस्याओं को संकलित करने एवं इस पर कार्यवाही एवं अनुश्रवण करने की व्यवस्था।
2. यातायात सम्बंधी विभिन्न दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु व्यवस्था।
3. पीक टाइम यातायात को नियन्त्रित करने हेतु सुझाव।
4. पार्किंग की समस्या के निराकरण हेतु सुझाव एवं अवैध पार्किंग चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही।
5. आम जनता में यातायात सम्बंधी जागरूकता लाने हेतु सुझाव।
6. यातायात सम्बंधी सुझाव लाने हेतु अन्य कोई सुझाव।

आलोक सिन्हा
प्रमुख सचिव।

**संख्या–2392(1)/77–4–17 तद्‌दिनांक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मा0 औद्योगिक विकास मंत्री, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 नगर विकास मंत्री, उ0प्र0।
3. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार, गन्ना), मा0 राज्य मंत्री, औद्योगिक विकास, उ0प्र0।
4. निजी सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचित/सचिव/विशेष सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग।
6. श्री आलोक टण्डन, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नौएडा।
7. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गौतमबुद्धनगर।
8. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नौएडा/ग्रेटर नौएडा।
9. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO), नौएडा।
10. पुलिस अधीक्षक, यातायात, नौएडा, गौतमबुद्धनगर
11. समस्त अनुभाग, औद्योगिक विकास विभाग।
12. उद्योग बन्धु।
13. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(सीताराम यादव)
संयुक्त सचिव।